अंकों का जादू

Fun with Numbers



पुस्तक महल
दिल्ली

अंकों का जादू

लेखक

अमित गर्ग

पुस्तक महल

खारी बावली, दिल्ली

प्रकाशक

पुस्तक महल, दिल्ली-110006

विक्रय केन्द्र

• 6686, खारी बावली, दिल्ली-110006........................फोन: 239314, 2911979

• 10-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली-110002...फोन: 3268292-93, 3279900

प्रशासनिक कार्यालय

एफ-2/16, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-110002

फोन: 3276539, 3272783, 3272784

Telex: 031-78090 SBP IN * Fax: 91-11-2924673, 91-11-3260518

शाखा कार्यालय

• 23-25, जाओबा वाडी, ठाकुरद्वार, बंबई-400002 फोन: 2010941

• 22/2, मिशन रोड (शामा राव कम्पाउंड), बंगलोर-560027 फोन: 2234025

• खेमका हाउस, वूमेन्स हॉस्पिटल के सामने, अशोक राजपथ, पटना-800004 फोन: 653644

मूल्य :

पेपरबैक संस्करण: 20/- रुपये


लाइब्रेरी संस्करण: 40/- रुपये

तीसरा संस्करण: जून 1994

लेजर टाइप सेटिंग: एस.बी.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स पब्लिशिंग, 4/45, रूप नगर, दिल्ली-110007

मुद्रक: रूपक प्रिंटर्स, नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032

विषय-सूची


153
R. GHOSH

1
संख्याओं से मनोरंजन

1. कैलेंडर की तीन संख्याओं के वर्ग का योग

अपने किसी मित्र को कैलेंडर में से कोई तीन लगातार दिनांक चुनने के लिए कहें। उसे किसी कॉलम में सबसे छोटी संख्या से आरंभ करने के लिए कहें। इस प्रकार बने तीन संख्याओं के वर्ग के 9 अंकों का योग आप बता सकते हैं (चित्र 1.1)। कैसे? अपने मित्र से पूछें कि उसने सबसे छोटी संख्या कौन-सी चुनी है। इस संख्या में 8 जोड़कर 9 से गुणा करें। यही परिणाम वांछित योग होगा। उदाहरण के लिए माना कि सबसे छोटी संख्या 6 है। 6 + 8 = 14, 14 × 9 = 126। इसी प्रकार कोई भी वर्ग बनाकर योग निकाला जा सकता है।

र.	सो.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31

चित्र 1.1

2. उम्र बताने वाली तालिका

अगले पृष्ठ पर दी गई तालिका की मदद से आप किसी भी व्यक्ति की उम्र पता लगा सकते हैं। आपको उस व्यक्ति से सिर्फ यह पूछना है कि कौन-कौन-से कॉलम में उसकी उम्र दी गई है। अब उन कॉलमों में सबसे ऊपर दी गई संख्याएं जोड़ लें। जोड़ से प्राप्त संख्या ही उस व्यक्ति की उम्र है।

उदाहरण के लिए माना कि आपके एक मित्र की आयु 23 वर्ष है। यह संख्या पहले, दूसरे, तीसरे और पांचवें कॉलम में है। इन कॉलमों में सबसे ऊपर की संख्याएं 1, 2, 4 और 16 है, जिनका योग 23 आता है।

तालिका

1	2	4	8	16	32
3	3	5	9	17	33
5	6	6	10	18	34
7	7	7	11	19	35
9	10	12	12	20	36
11	11	13	13	21	37
13	14	14	14	22	38
15	15	15	15	23	39
17	18	20	24	24	40
19	19	21	25	25	41
21	22	22	26	26	42
23	23	23	27	27	43
25	26	28	28	28	44
27	27	29	29	29	45
29	30	30	30	30	46
31	31	31	31	31	47
33	34	36	40	48	48
35	35	37	41	49	49
37	38	38	42	50	50
39	39	39	43	51	51
41	42	44	44	52	52
43	43	45	45	53	53
45	46	46	46	54	54
47	47	47	47	55	55
49	50	52	56	56	56
51	51	53	57	57	57
53	54	54	58	58	58
55	55	55	59	59	59
57	58	60	60	60	60
59	59	61	61	61	61
61	62	62	62	62	62
63	63	63	63	63	63

3. किसी के भाई-बहनों की संख्या ज्ञात करना, यदि उसके माता-पिता जीवित हों

यहां किसी के भाई-बहनों की संख्या पता लगाने का एक बहुत आसान तरीका दिया जा रहा है।

चरण -1 अभिभावकों की संख्या जोड़ें (यह 2 होगी)।

चरण -2 भाइयों की संख्या जोड़कर 2 से गुणा करें और गुणनफल में 1 जोड़ें।

चरण -3 अब चरण-2 के उत्तर को 5 से गुणा करें और इसमें बहनों की संख्या जोड़ें।

चरण -4 चरण-3 के उत्तर में से 25 घटाने पर आपको अपने प्रश्न का उत्तर मिल जाएगा।

चरण -5 चरण-4 के उत्तर का इकाई वाला अंक बहनों की संख्या और दहाई वाला अंक भाइयों की संख्या है।

इसके आधार पर यह सूत्र लिखा जा सकता है कि

[(माता और पिता+भाई) × 2 + 1] × 5 + बहनें - 25

उदाहरण :

माना कि राम के 3 भाई और 2 बहनें हैं।

चरण -1	माता-पिता की संख्या	= 2
चरण -2	(2 + 3) × 2 +1	= 11
चरण -3	11 × 5 + 2	= 57
चरण -4	57 - 25	= 32
चरण -5	इकाई का अंक	= 2 बहनें
	दहाई का अंक	= 3 भाई

4. फोन नंबर से उम्र का ज्ञान

किसी की उम्र बताने के लिए उसे किसी फोन नंबर के आखिरी 4 अंकों को लिखने के लिए कहिए। माना कि चार अंक हैं 8231 । अब उसे इन्हीं अंकों का प्रयोग करके कोई नई संख्या लिखने के लिए कहें। माना कि वह लिखता है - 2318 । अब बड़ी संख्या में से छोटी संख्या घटा दें। उत्तर आएगा-5913 ।

सभी अंकों को जोड़ लीजिए यानी 5+9+1+3 = 18 = 1+8=9

उत्तर में 16 जोड़िए यानी 9+16 = 25

अब उस व्यक्ति को इस संख्या में उसके जन्म का वर्ष जोड़ने के लिए कहिए।

1945+25 = 1970

उससे अंतिम उत्तर पूछिए। इसमें से 25 घटाने पर आप उसके जन्म का वर्ष बता देंगे- 1970-25 = 1945 ।

5. किसी की भी उम्र बता कर आश्चर्यचकित करना

जिस व्यक्ति को गणित का थोड़ा-बहुत मूल ज्ञान है, वह बड़ी सरलता से इस तरीके द्वारा किसी की भी उम्र बता सकता है।

चरण -1 सबसे पहले उस व्यक्ति को उसकी वर्तमान उम्र में अगले वर्ष की उम्र जोड़ने के लिए कहें।

चरण -2 इस योग को 5 से गुणा करवाएं।

चरण -3 गुणनफल में उसके जन्म वाले वर्ष की इकाई का अंक जोड़ने के लिए कहें।

चरण -4 प्राप्त उत्तर में से 5 घटाने के लिए कहें।

चरण -5 बायीं ओर के दोनों अंक उस व्यक्ति की उम्र दर्शाएंगे।

उदाहरण :

माना कि आपके मित्र की उम्र 12 वर्ष है और वह 1980 में पैदा हुआ था।

चरण -1 वर्तमान उम्र + अगले वर्ष की उम्र = 25

चरण -2 चरण-1 × 5 यानी 25 × 5 = 125

चरण -3 चरण-2 + जिस वर्ष में आपका मित्र पैदा हुआ है, उसका इकाई वाला अंक यानी 125 + 0 = 125

चरण -4 चरण-3 5 = 125 - 5 = 120

चरण -5 बायीं ओर के दोनों अंक 12 बनाते हैं। यही आपके मित्र की उम्र है।

6. अपने मित्र की जेब में नोटों की संख्या बताना

1. अपने मित्र को नोटों की संख्या सोचने के लिए कहिए।
2. अब उसे वह दुगुना कर ले।
3. उत्तर में 1 जोड़े।
4. इस संख्या को 5 से गुणा करे।
5. इस उत्तर में 5 जोड़ने के लिए कहें।

6. अब इसे 10 से गुणा करने के लिए कहें।
7. उत्तर में से 100 घटाने के लिए कहें।
8. अब आप उससे प्राप्त संख्या पूछें। आप इस संख्या के अंतिम दो अंक छोड़ दें। शेष बची संख्या ही नोटों की संख्या है।

उदाहरण :

माना कि आपके मित्र ने नोटों की संख्या लिखी	:	16
दुगुना करने पर	:	32
1 जोड़ने पर	:	33
5 से गुणा करके	:	165
5 जोड़ कर आया	:	170
फिर 10 से गुणा करने पर	:	1700
1700 में से 100 घटाने पर	:	1600

संख्या 1600 आपके मित्र ने आपको बताई। इसके अंतिम दो अंक छोड़ कर बचा 16, यही नोटों की संख्या है।

7. आयु और जन्म तिथियों के आश्चर्य

हम सप्ताह के दिनों, महीनों और वर्षों को अंकों की सहायता से दर्शा सकते हैं। सप्ताह के दिन इस प्रकार लिखे जाएंगे-

सोमवार के लिए	1
मंगलवार के लिए	2
बुधवार के लिए	3 आदि ।

वर्ष के महीने इस प्रकार लिखे जाएंगे-

जनवरी के लिए	1
फरवरी के लिए	2
मार्च के लिए	3 आदि।

1. अपने मित्र से कहिए कि वह अपने जन्म का दिन, महीना, वर्ष और तिथि के अंकों का प्रयोग करके लिखे।
2. अब उसे इस संख्या को दुगुना करने के लिए कहिए।

3. इसमें 5 जोड़ने के लिए कहिए।

4. योगफल को 50 से गुणा करवाइए।

5. प्राप्त उत्तर में वर्तमान उम्र जोड़ने के लिए कहिए।

6. इसमें से 365 घटाने के लिए कहिए।

7. अब इस संख्या में 115 जोड़ने के लिए कहिए।

इस प्रकार प्राप्त उत्तर एक अनोखापन लिए हुए है, क्योंकि इसका प्रथम अंक उस सप्ताह का दिन, दूसरा अंक महीना और तीसरा अंक वह तारीख दर्शाएगा, जब आपका मित्र पैदा हुआ था। बाकी बची संख्या उसकी वर्तमान आयु है।

उदाहरण :

मान लिया कि आपका मित्र रविवार 6 मई, 1962 को पैदा हुआ था और अब उसकी आयु 30 वर्ष है।

1. इस प्रकार हमारे पास संख्या आई 756, जिसमें '7' सप्ताह का दिन, '5' वर्ष का महीना और '6' तारीख दर्शा रहे हैं।

2.	अपने मित्र से यह संख्या दुगुनी करने को कहिए	:	1512
3.	इस उत्तर में 5 जोड़ने दीजिए	:	1517
4.	इस संख्या को 50 से गुणा करने दीजिए	:	75,850
5.	वर्तमान आयु जोड़ने पर	:	75,880
6.	इसमें से 365 घटाने पर	:	75,515
7.	अंत में 115 जोड़ने पर	:	75,630

75,630 में पहला अंक '7' सप्ताह का दिन यानी रविवार '5' वर्ष का महीना यानी मई और '6' तारीख दर्शा रहा है। यही आपके मित्र के जन्म का दिन, महीना और तारीख है। शेष बचा 30, जो उसकी वर्तमान आयु है।

8. आपके मित्र के पास (एक रुपये से कम वाले) कितने सिक्के हैं और उसकी आयु क्या है?

आप सिर्फ अपने मित्र को इस प्रकार बताएं-

1. अपनी आयु वह मन में सोच ले।
2. इसे दुगुना करे।
3. इसमें 5 जोड़े।
4. 50 से गुणा करे।

5. 365 घटा दे।

6. प्राप्त उत्तर में जेब की रेजगारी जोड़ लें।

7. अब प्राप्त संख्या में 115 जोड़ लें।

जो भी उत्तर आएगा, उसके पहले दो अंक आपके मित्र की आयु और शेष अंक उसकी जेब में मौजूद रेजगारी बताते हैं।

उदाहरण :

1.	माना कि आपके मित्र की आयु है	=	20
2.	दुगुना	=	40
3.	5 जोड़कर	=	45
4.	50 से गुणा करने पर	=	2,250
5.	365 घटाकर	=	1,885
6.	रेजगारी (75 पैसे) जोड़कर	=	1,960
7.	115 जोड़ने पर	=	2,075

2,075 दर्शाता है कि आपके मित्र की आयु 20 वर्ष है और उसकी जेब में 75 पैसे की रेजगारी है।

9. उन भाई-बहनों की संख्या पता लगाना, जिनके माता-पिता जीवित नहीं हैं।

इस दुनिया में बहुत-से लोग ऐसे भी हैं, जिनके माता-पिता जीवित नहीं हैं। एक युक्ति से आप उनके भाई-बहनों की संख्या बता सकते हैं।

चरण-1 भाइयों की संख्या को 2 से गुणा करके उसमें 3 जोड़ दें।

चरण-2 चरण-1 के उत्तर को 5 से गुणा करके उसमें बहनों की संख्या जोड़ दें।

चरण -3 प्राप्त उत्तर में से 15 घटा दें।

चरण-4 अंतिम उत्तर की इकाई का अंक बहनों की और दहाई का अंक भाइयों की संख्या दर्शाता है।

इस युक्ति की एक सीमा है। यदि भाइयों और बहनों की संख्या 9 से अधिक है, तो इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता।

■ ■

2
संख्याओं का जादू

1. दो बार दोहराए गए तीन अंकों की संख्या प्राप्त करना

अपने मन में तीन अंकों की कोई संख्या सोच लीजिए। इसे 11 से गुणा कीजिए। गुणनफल को फिर 91 से गुणा कीजिए। प्राप्त उत्तर आरंभिक संख्या को दो बार लिखने के समान होगा। आइए देखें, कैसे -

उदाहरण -1

1. माना कि तीन अंकों की संख्या है : 456
2. इसे 11 से गुणा करने पर आया : 5016
3. गुणनफल को 91 से गुणा करने पर आया : 456456
4. 456456 में आरंभिक संख्या दो बार लिखी गई है।

उदाहरण -2

1. माना कि तीन अंकों वाली संख्या है : 777
2. इसे 11 से गुणा करने पर : 8547
3. इस संख्या (8547) को 91 से गुणा करने पर : 777777

   777777 में आरंभिक संख्या दो बार आई है।

2. तीन अंकों वाली संख्याओं की जादूगरी

1. कोई तीन अंकों की संख्या अपने मन में सोचिए।
2. इसी के आगे वे ही तीन अंक दोहरा कर इसे छह अंकों की संख्या बना दीजिए।
3. छह अंकों की इस संख्या को 7 से भाग दीजिए।
4. भाज्य को 11 से भाग दीजिए।
5. प्राप्त उत्तर को 13 से भाग दीजिए।
6. आप फिर से उसी संख्या पर आ गए, जिससे आपने शुरुआत की थी।

उदाहरण- 1

1.	माना कि तीन अंकों वाली संख्या है	:	362
2.	अब इस संख्या को दो बार लिख कर छह अंकों की संख्या बनी	:	362362
3.	इसे 7 से भाग करने पर आया	:	51766
4.	51766 को 11 से भाग देने पर आया	:	4701
5.	4701 को 13 से भाग देने पर आया	:	362

उदाहरण- 2

1.	माना कि तीन अंकों की संख्या है	:	789
2.	इस संख्या को दोहरा कर छह अंकों की संख्या बनी	:	789789
3.	इसे 7 से भाग देने पर आया	:	112827
4.	112827 को 11 से भाग देने पर आया	:	10257
5.	10257 को 13 से भाग देने पर आया	:	789

3. परिणाम हमेशा 7 ही होगा

कोई एक संख्या सोचिए। इसका दुगुना कीजिए। इसमें 14 जोड़िए। अब जो संख्या आती है, उसमें 2 से भाग दीजिए। इस भागफल में से आरंभिक संख्या घटाइए। उत्तर हमेशा 7 ही होगा।

उदाहरण-1

1.	माना कि संख्या है	:	10
2.	इसका दुगुना	:	20
3.	अब पहले 14 जोड़ने पर	:	34
4.	इसे 2 से भाग देने पर	:	17
5.	17 में से आरंभिक संख्या (10) घटाने पर	:	7

उदाहरण- 2

1.	माना कि दूसरी संख्या है	:	45
2.	दुगुना करने पर	:	90
3.	पहले 14 जोड़ने पर	:	104
4.	104 में 2 से भाग देने पर	:	52

5. इसमें से 45 घटाने पर : 7

तो आपने देखा कि उत्तर हर बार 7 ही आता है। अब आप अपने दोस्तों के बीच यह जादूगरी दिखा सकते हैं।

4. संख्याओं का एक विचित्र खेल

कोई संख्या सोचिए। इसे 3 से गुणा करें। फिर 2 जोड़ दें। प्राप्त उत्तर को पुन: 3 से गुणा करें। गुणनफल में वह संख्या जोड़ें, जो सोची गई संख्या से 2 अधिक हो। इस उत्तर की इकाई के स्थान वाले अंक को छोड़ कर शेष अंक शुरू में सोची गई संख्या है।

उदाहरण-1

1. माना कि संख्या है : 35
2. 3 से गुणा करने पर : 105
3. इस संख्या में 2 जोड़ने पर : 107
4. फिर 3 से गुणा करने पर : 321
5. अब गुणनफल में सोची गई संख्या (37) जोड़नी है। 321 + 37 = 358
   358में इकाई के स्थान पर 8 है। उसे छोड़ कर 35 बचता है, जो सोची गई संख्या है। तो पसंद आया आपको यह खेल?

उदाहरण - 2

1. आइए, एक और संख्या सोचें : 7
2. इसे 3 से गुणा करने पर : 21
3. 21 में 2 जोड़ने पर : 23
4. इस संख्या को 3 से गुणा करने पर : 69
5. गुणनफल में 9 जोड़ने पर : 78
   (क्योंकि 9 आरंभिक संख्या से 2 अधिक है)

अब आप 78 की इकाई वाले स्थान के अंक यानी 8 को छोड़ कर देखिए। बचेगा 7 । यही तो हमने शुरू में सोचा था।

5. जादुई संख्या

आइए, हम आपको एक ऐसी संख्या बताएं, जिसके बारे में जानकर आप आश्चर्यचकित हो जाएंगे। यह संख्या है 142857 देखिए-


142857 × 2 = 285714

142857 × 3 = 428571

142857 × 4 = 571428

142857 × 5 = 714285

142857 × 6 = 857142



अब आप यह समझ गए होंगे कि 142857 को 2,3,4,5 या 6 से गुणा करके जो गुणनफल प्राप्त होता है, वह इस संख्या के किसी एक अंक से शुरू होकर एक निश्चित क्रम में उन्हीं अंकों के प्रयोग से बना होता है, जैसे चित्र में दिखाया गया है।

6. गायब अंक बताइए

चरण -1 छह या सात अंकों की कोई बड़ी संख्या सोचिए।

चरण - 2 सभी अंकों को जोड़ लीजिए।

चरण - 3 इस योग को सोची गई संख्या में से घटाइए।

चरण - 4 प्राप्त संख्या के अंकों को आगे-पीछे कर लीजिए।

चरण - 5 इसमें 25 जोड़िए।

चरण - 6 0 के अलावा किसी अन्य अंक को बाहर निकाल लीजिए।

चरण - 7 शेष अंकों का योग बताइए।

इस योग से बाहर निकाले गए अंक के बारे में आप बता सकते हैं। इसके लिए अंकों के योग को 25 में से घटाइए। प्राप्त संख्या निकाला गया अंक है।

उदाहरण :

चरण - 1	सोची गई संख्या	:	1234567
चरण - 2	अंकों का योग	:	28
चरण - 3	1234567-28	:	1234539
चरण - 4	अंकों को आगे-पीछे करके	:	1235349
चरण - 5	1235349 + 25	:	1235374
चरण - 6	गायब किया अंक	:	5
चरण - 7	अंक गायब होने के बाद बची संख्या	:	123374
चरण - 8	शेष अंकों का योग	:	20

गायब किया गया अंक	:	25-20=5

7. योग सदा 1089 ही होगा

आइए, आपको संख्याओं के एक और दिलचस्प खेल के बारे में बताएं, जिससे आप अपने मित्रों को हैरत में डाल सकते हैं। अपने किसी मित्र से कहें कि आप एक सवाल का उत्तर सवाल किए जाने से पहले ही एक कागज पर लिख सकते हैं। आप एक कागज पर 1089 लिख कर कागज को मोड़ कर अपने मित्र की जेब में रख दीजिए और फिर खेल शुरू कीजिए।

अपने मित्र से तीन अंकों वाली एक ऐसी संख्या लिखने के लिए कहिए, जिसमें दहाई के स्थान वाला अंक इकाई के स्थान वाले अंक से कम-से-कम दो अधिक हो।

माना कि उसने 981 सोचा। अब उसे 981 के नीचे इस संख्या को उलट कर लिखने के लिए कहिए। वह 189 लिखेगा। अब बड़ी संख्या में से छोटी संख्या को घटाने के लिए कहिए। उत्तर 792 आएगा।

अब इसी संख्या को उल्टा कर 792 में जोड़ने के लिए कहिए। 792 + 297 = 1089 उत्तर आएगा। इस प्रकार कोई भी संख्या लेकर आप 1089 तक पहुंच सकते हैं।

सोची गई संख्या	:	761	321
उलट कर	:	167	123
घटाने पर	:	594	198
उत्तर उल्टा करने पर	:	495	891
जोड़ने पर	:	1089	1089

जब आपका मित्र उस कागज को निकाल कर 1089 देखेगा, तो इस आश्चर्य में पड़ जाएगा कि आखिर आपने पहले ही उत्तर कैसे जाना।

8. एक अंक से पूरी संख्या जानना

1 से 9 के बीच की कोई संख्या सोचने के लिए अपने मित्र से कहें। उसके आगे शून्य लगाने दीजिए।

दोनों संख्याओं को जोड़ने के लिए कहें।

जोड़ को क्रमशः 3, 11 और 3 से गुणा करने दीजिए। जो उत्तर आया, उसकी इकाई का अंक पूछिए।

इसकी सहायता से आप पूरी संख्या बता सकते हैं।

आपको इकाई का अंक पता है। दूसरा अंक जानने के लिए आखिरी अंक (इकाई

वाले) को 9 में से घटाइए।

पहला अंक जानने के लिए दूसरे अंक में एक जोड़िए।

यह आरंभिक संख्या का पहला अंक है।

9 में से पहला अंक घटा कर तीसरे अंक का पता लगा सकते हैं।

इन अंकों को ढंग से रखने पर संपूर्ण संख्या आपके सामने आ जाएगी।

उदाहरण:

सोची गई संख्या	:	3
इसके आगे शून्य लगाने पर	:	30
3 जोड़ने पर	:	33
3 से गुणा करने पर	:	99
11 से गुणा करने पर	:	1089
फिर 3 से गुणा करने पर	:	3267
.... अंतिम अंक		7
.... दूसरा अंक		(9-7)=2
.... पहला अंक		(2 + 1) = 3
.... तीसरा अंक		(9-3) = 6

9. गुप्त अंक

निम्नलिखित विधि द्वारा आप अंक 9 की गुप्तता बता सकते हैं।

चरण -1 अपने मित्र को छह अंकों वाली कोई संख्या सोचने के लिए कहें।

चरण -2 उसे सभी अंक जोड़ने के लिए कहें।

चरण -3 अब उससे कहें कि इस योग को छह अंकों वाली संख्या में से घटाए।

चरण -4 अब आप कहें कि वह प्राप्त उत्तर में से कोई एक अंक छिपा ले और शेष अंकों को जोड़ ले।

चरण -5 जब वह उत्तर बताए, तब आप उसे छिपा हुआ अंक बता सकते हैं। आप सिर्फ इतना कीजिए कि आए हुए उत्तर से अगले 9 के गुणनखंड में से उसे घटा दीजिए।

उदाहरण-1

चरण -1 छह अंकों की संख्या 124567

चरण -2 अंकों का योग 1 + 2+ 4 + 5 + 6 + 7 = 25

चरण -3 छह अंकों की संख्या-अंकों का योग 124567 - 25 = 124542

चरण -4 माना कि छिपाया गया अंक है 5

चरण -5 और शेष अंकों का योग 13

चरण -6 तो अंतिम उत्तर 13 आया। अब आप 13 से अगले 9 के गुणनखंड यानी 18 में से 13 को घटा दीजिए। आपका उत्तर 5 आएगा। यही आपके मित्र द्वारा छिपाया गया अंक है।

उदाहरण- 2

चरण -1 छह अंकों की संख्या 549218

चरण -2 अंकों का योग 29

चरण -3 छह अंकों की संख्या-अंकों का योग 549189

चरण -4 माना कि छिपा हुआ अंक 1

चरण -5 शेष अंकों का योग 35

चरण -6 9 के अगले गुणनखंड यानी 36 में से 35 घटाने पर 1 बचता है। 1 ही आपके मित्र द्वारा छिपाया गया अंक था।

10. पूर्ण संख्या के अंकों को बताना

चरण – 1 अपने मित्र से 1 से 9 के बीच की कोई दो संख्याएं सोचने के लिए कहिए।

चरण- 2 पहली संख्या को दुगुना करके उसमें 5 जोड़ देने के लिए कहिए।

चरण -3 चरण -2 के उत्तर वाले को 5 से गुणा करके उसमें दूसरी संख्या जोड़ने के लिए कहिए।

चरण -4 चरण -3 के उत्तर वाले अंक में से 25 घटाने के लिए कहिए।

चरण -5 चरण -4 के उत्तर वाले अंक से आप अपने मित्र द्वारा सोची गई दोनों संख्याएं जान जाएंगे।

उदाहरण:

चरण -1 माना कि सोची गई संख्याएं हैं - 1 और 8

चरण -2 पहली संख्या का दुगुना + 5 = 2 × 1 + 5 = 7

चरण -3 चरण -2 का उत्तर × 5 + दूसरी संख्या
= 7 × 5 + 8= 35 + 8 = 43

चरण -4 चरण-3 का उत्तर - 25 = 43 - 25 = 18

चरण -5 चरण - 4 का उत्तर = 18 है, जो दर्शाता है कि आपके मित्र ने जो संख्याएं सोची थी, वे हैं-1 और 8 ।

दूसरी विधि-

चरण -1 अपने मित्र को दो अंकों का कोई पूर्णांक सोचने के लिए कहें।

चरण -2 अब उसे दहाई के अंक को 5 से गुणा करके पांच जोड़ने के लिए कहें।

चरण -3 चरण-2 के उत्तर को दुगुना करने के लिए कहें।

चरण -4 चरण-3 के उत्तर में इकाई का अंक जोड़ कर अपने मित्र से उसका उत्तर पूछें।

चरण -5 अब अपने मित्र के उत्तर में से 14 घटा लें। घटाने के बाद प्राप्त संख्या आपके मित्र द्वारा सोची गई संख्या है।

उदाहरण:

चरण -1 माना कि संख्या 27 है

चरण -2 2 × 5 + 7 = 17

चरण -3 चरण-2 का दुगुना = 2 × 17 = 34

चरण -4 चरण-3 के उत्तर में इकाई का अंक जोड़ने पर 7+ 34 = 41

चरण -5 41-14 = 27। यही (27 ही) सोची हुई संख्या थी।

समानांतर विधि-

चरण -1 अपने मित्र से 3 अंकों वाला कोई पूर्णांक सोचने के लिए कहिए।

चरण -2 सैकड़े के अंक को 2 से गुणा करके उसमें 3 जोड़ने के लिए कहिए।

चरण -3 प्राप्त संख्या को 5 से गुणा कर के 7 जोड़ने के लिए कहिए।

चरण -4 चरण-3 के उत्तर में आरंभिक संख्या की दहाई वाला अंक जोड़ दें।

चरण -5 चरण-4 के उत्तर को दुगुना करें और उसमें 3 जोड़ें।

चरण -6 चरण -5 के उत्तर को 5 से गुणा करें और उसमें आरंभिक संख्या का इकाई वाला अंक जोड़ें।

चरण -7 मित्र से उत्तर पूछ कर उसमें से 235 मन-ही-मन घटा दें। उत्तर मित्र द्वारा सोची गई संख्या ही होगा।

उदाहरण:

चरण -1	सोची हुई संख्या	=	100
चरण -2	1 × 2 + 3	=	5

चरण -3	5 × 5+ 7	=	32
चरण -4	32 × 0	=	32
चरण -5	32 × 2 + 3	=	67
चरण -6	67 × 5 + 0	=	335

चरण -7 335 - 235 = 100, जो आपके मित्र के द्वारा सोची गई संख्या है।

11. संख्याओं का एक खेल, जिसमें उत्तर हमेशा 15 आता है

एक संख्या सोचें। माना कि यह संख्या 12 है। इसे 5 से गुणा करें। तब 12 × 5 = 60 आएगा। इसमें 25 जोड़ने पर 60 + 25 = 85 आएगा। इसे 5 से भाग देने पर भागफल 17 आता है। इसमें से सोची हुई संख्या घटाने पर 17-12 = 5 होगा। इसमें 3 से गुणा करने पर हमें प्राप्त होता है 15 । इस प्रकार उत्तर हमेशा 15 ही होगा।

12. एक अरब गिनें

यदि एक व्यक्ति 100 संख्याएं प्रति मिनट की रफ्तार से प्रतिदिन 8 घंटे गिने और इस क्रम को सप्ताह में 5 दिन जारी रखे, तो उसे दस लाख तक की गिनती गिनने में 4 सप्ताह से कुछ अधिक समय लगेगा। एक अरब तक गिनने में तो 80 वर्ष से भी अधिक समय लगेगा।

■ ■

3

अंकों के अद्भुत रूप

हमें अपनी उतार-चढ़ाव की जिंदगी में प्राकृतिक संख्याओं के अनेक विचित्र नमूने देखने को मिलते हैं। यदि हम उन संख्याओं पर विचार करें, तो उनकी रचना में हमें कुछ-न-कुछ उद्देश्य दिखाई देता है, लेकिन प्राकृतिक घटनाओं के साथ हम उन्हें भली-भांति जोड़ नहीं पाते हैं।

संख्याओं के ढांचे न तो अंकगणित से, न ज्यामिति से और न ही किसी श्रेणी से मिलते-जुलते हैं। फिर भी वे अनंत तक एक नियमबद्ध रूप में चलते हैं। गणित विशेषज्ञों ने इन ढांचों को बड़े सुंदर ढंग से निर्मित किया है, लेकिन इनके विषय में वे कोई संकल्पना नहीं दे पाए हैं। प्राकृतिक संख्याओं की अपनी विशेष संरचना होती है। आइए, हम प्राकृतिक संख्या 8 का कमाल देखते हैं।

1. प्राकृतिक संख्या 8 का कमाल

1 × 8 + 1	=	9
12 × 8 + 2	=	98
123 × 8 + 3	=	987
1234 × 8 + 4	=	9876
12345 × 8 + 5	=	98765
123456 × 8 = 6	=	987654
1234567 × 8 + 7	=	9876543
12345678 × 8 + 8	=	98765432
123456789 × 8 + 9	=	987654321

2. प्राकृतिक संख्या 9 का कमाल

0 × 9 + 1	=	1
1 × 9 + 2	=	11
12 × 9 + 3	=	111

123 × 9 + 4	=	1111
1234 × 9 + 5	=	11111
12345 × 9 + 6	=	111111
123456 × 9 + 7	=	1111111
1234567 × 9 + 8	=	11111111
12345678 × 9 + 9	=	111111111
123456789 × 9 + 10	=	1111111111

3. गुणा का खेल

इस प्रकार गुणा करके प्राप्त उत्तरों की समानता देखिए-

9 × 0 + 8	=	8
9 × 9 + 7	=	88
9 × 98 + 6	=	888
9 × 987 + 5	=	8888
9 × 9876 + 4	=	88888
9 × 98765 + 3	=	888888
9 × 987654 + 2	=	8888888
9 × 9876543 + 1	=	88888888
9 × 98765432 + 0	=	888888888

4. 37 का कमाल

यदि आप 37 को 3, 6, 9, 12, 15, 18, 21, 24, 27 (गणितीय समानांतर श्रेणी) से गुणा करेंगे, तो आपको अनोखे उत्तर मिलेंगे। आइए, ऐसा करके देखें-

37 × 3	=	111
37 × 6	=	222
37 × 9	=	333
37 × 12	=	444
37 × 15	=	555
37 × 18	=	666
37 × 21	=	777
37 × 24	=	888
37 × 27	=	999

5. 9 के विचित्र रूप

9 × 9	=	81
99 × 99	=	9801
999 × 999	=	998001
9999 × 9999	=	99980001
99999 × 99999	=	9999800001

6. 9 का एक और रूप

987654321 × 9 - 1	=	8888888888
87654321 × 9 - 1	=	788888888
7654321 × 9 - 1	=	68888888
654321 × 9 - 1	=	5888888
54321 × 9 - 1	=	488888
4321 × 9 - 1	=	38888
321 × 9 - 1	=	2888
21 × 9 - 1	=	188
1 × 9 - 1	=	8

7. 7 का कमाल

7 × 7	=	49
67 × 67	=	4489
667 × 667	=	444889
6667 × 6667	=	44448889
66667 × 66667	=	4444488889
666667× 666667	=	444444888889

8. 3 और 4 का कमाल

4 × 4	-	16
34 × 34	-	1156
334 × 334	=	111556
3334 × 3334	=	11115556
33334 × 33334	=	1111155556
333334 × 333334	=	111111555556

9. दिलचस्प गुणनफल

123456789 × 9	=	111111101
123456789 × 18	=	222222202
123456789 × 27	=	333333303
123456789 × 36	=	444444404
123456789 × 45	=	555555505
123456789 × 54	=	666666606
123456789 × 63	=	777777707
123456789 × 72	=	888888808
123456789 × 81	=	999999909

10. विचित्र गुणनफल

987654321 × 9	-	8888888889
987654321 × 18	=	17777777778
987654321 × 27	=	26666666667
987654321 × 36	=	35555555556
987654321 × 45	=	44444444445
987654321 × 54	=	53333333334
987654321 × 63	=	62222222223
987654321 × 72	=	71111111112
987654321 × 81	=	80000000001

11. 9 का जादू

222222222 × 9	=	1999999998
333333333 × 9	=	2999999997
444444444 × 9	=	3999999996
555555555 × 9	=	4999999995
666666666 × 9	=	5999999994
777777777 × 9	=	6999999993
888888888 × 9	-	7999999992
999999999 × 9	=	8999999991

12. सर्वोच्च शक्ति

एक से बनी प्रत्येक प्राकृतिक संख्या का वर्ग करने पर प्राकृतिक संख्याओं के विचित्र नमूने हमें प्राप्त होते हैं। जैसे -

$1^2 = 1$

$11^2 = 121$

$111^2 = 12321$

$1111^2 = 1234321$

$11111^2 = 123454321$

$111111^2 = 12345654321$

$1111111^2 = 1234567654321$

$11111111^2 = 123456787654321$

$111111111^2 = 12345678987654321$

13. '2' की श्रृंखला बनाइए

संख्याओं के योग से 2 की श्रृंखला इस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं-

पहले 1 से 9 तक प्राकृतिक संख्याएं लिखिए। फिर उसके ठीक नीचे 9 से 1 तक घटते क्रम में लिखिए। तीसरी पंक्ति में दोबारा 1 से 9 तक और चौथी पंक्ति में पुनः 9 से 1 तक की संख्याएं लिखें। पांचवीं पंक्ति में सबसे दायीं ओर सिर्फ 2 लिख दें। अब इन्हें जोड़ दीजिए। मिल गई नं. 2 की एक लंबी कड़ी।

	1	2	3	4	5	6	7	8	9
	9	8	7	6	5	4	3	2	1
	1	2	3	4	5	6	7	8	9
	9	8	7	6	5	4	3	2	1
									2
2	2	2	2	2	2	2	2	2	2

■ ■

4

गणित की विचित्र क्रियाएं

प्रमेय एक –

1. **क्या आप 2 = 1 सिद्ध कर सकते हैं? (बूलिअन लॉजिक)**

यह एक जाना-माना तथ्य है कि 2 के बराबर 1 नहीं होता, लेकिन आप इसे इस प्रकार सिद्ध कर सकते हैं–

माना कि क = ख

दोनों ओर से क से गुणा करने पर

$$क^2 = क\ ख$$

दोनों ओर से $ख^2$ घटाने पर

$$क^2 - ख^2 = क\ ख - ख^2$$

$$(क + ख)\ (क - ख) = ख\ (क - ख)$$

$$क + ख = ख$$

$$2ख = ख \quad \text{क्योंकि } क = ख$$

अत: 2 = 1 प्रमाणित हुआ।

(यहां क = ख मानना गलत है।)

प्रमेय दो -

2. **क्या आप 3 = 4 सिद्ध कर सकते हैं?**

3=4 नहीं होता, लेकिन यह सिद्ध करके आप अपने मित्रों को आश्चर्य में डाल सकते हैं।

हम जानते हैं कि −12 = −12

इसे इस प्रकार भी लिख सकते हैं: 9 - 21 = 16 - 28

$$(3)^2 - 7 \times 3 = 4^2 - 7 \times 4$$

$$(3)^2 - \frac{7}{2} \times 3 \times 2 = (4)^2 - \frac{7}{2} \times 4 \times 2$$

दोनों ओर $\left(\frac{7}{2}\right)^2$ जोड़ने पर

$$(3)^2 - \left(\frac{7}{2}\right) \times 3 \times 2 + \left(\frac{7}{2}\right)^2 = (4)^4 - \frac{7}{2} \times 4 \times 2 + \left(\frac{7}{2}\right)^2$$

$$\left(3 - \frac{7}{2}\right)^2 = \left(4 - \frac{7}{2}\right)^2$$

या $3 - \frac{7}{2} = 4 - \frac{7}{2}$

या 3 = 4

इस तथ्य का प्रयोग किसी भी प्राकृतिक संख्या के लिए किया जा सकता है। संख्याओं के ऑपरेशन में बूलिअन गणित एक समान अंक का अस्तित्व प्रत्येक तत्त्व के लिए होता है। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रत्येक तत्त्व के लिए अन्य तत्त्व मिला एक समान तत्त्व होता है, जो दूसरे ऑपरेशन द्वारा प्राप्त होता है।

3. **बिना गणना किए जोड़ना**

पांच अंकों की कोई संख्या लिखने के लिए अपने मित्र से कहिए। उसी संख्या के नीचे आप पांच अंकों की एक और संख्या सोच कर लिखिए, ताकि प्रत्येक अंक का उसके ऊपर वाली संख्या के अंक के साथ योग 9 आए। उदाहरण के लिए-

मित्र की संख्या	=	45623
आपकी संख्या	=	54376

अब अपनी संख्या के नीचे पांच अंकों की एक और संख्या लिखने के लिए अपने मित्र से कहिए। माना कि वह लिखता है - 36258, तो आप भी ऊपर वाली बात को ध्यान में रखते हुए चौथी संख्या लिखें - 63741 । पांचवीं संख्या फिर अपने मित्र से लिखवाइए। जैसे ही वह पांचवीं संख्या लिखे, आप उसके नीचे एक रेखा खींच दीजिए और क्षण भर में पांचों संख्याओं का सही योग लिख दीजिए।

इस जोड़ को आप बायीं से दायीं ओर लिख सकते हैं। आप सिर्फ इतना कीजिए कि पांचवीं संख्या में से दो घटाकर अंक 2 अपने उत्तर के आगे लगा दें। जैसे - यदि पांचवीं संख्या 48765 है, तो पांचों संख्याओं का योग 248763 आएगा।

4. **किसी भी संख्या को 9999 ... से गुणा करने का तरीका**

किसी भी संख्या को 9,99,999,9999 .... से गुणा करने के लिए उस संख्या के आगे उतने शून्य लगा दीजिए, जितने गुणांक में 9 है। उत्तर में से संख्या घटा दीजिए। जैसे 345 × 99 = 34500 - 345 = 34155 या 75 × 9 = 750 - 75 = 675

5. **किसी संख्या को 5 से गुणा करना**

किसी संख्या को 5 से गुणा करने के लिए उस संख्या के इकाई वाले अंक के आगे '0' लगाएं और उत्तर में 2 से भाग दे दें। जैसे-

172 × 5 = 1720 ÷ 2 = 860

6. किसी संख्या को 125 से गुणा करना

किसी संख्या को 125 से गुणा करने के लिए उस संख्या के आगे तीन शून्य लगा कर 8 से भाग दे दीजिए।

जैसे - 89 × 125 = 89,000 ÷ 8 = 11125 होगा।

7. जादुई गुणा

अपने मित्र से एक कागज पर 123456789 लिखने के लिए कहें। फिर उससे कहें कि वह इनमें से एक को चुन ले। मान लिया कि वह 9 को चुनता है। अब आप 123456789 को 81 से गुणा करें। परिणाम होगा 999999999 । यदि आपका मित्र अंक 4 चुनता है, तो आप 36 से गुणा करें। परिणाम 444444444 होगा। आप का मित्र जो अंक चुने, उसे आप 9 से गुणा करके 123456789 से गुणा करें। आपको उसी अंक की श्रेणी मिलेगी।

8. किसी संख्या को 11 से गुणा करना

मान लीजिए कि आपको किसी संख्या में 11 से गुणा करना है, तो आप दायीं ओर से शुरू करें। पहले पहला अंक लिखें, फिर पहले और दूसरे अंक का योग लिखें। परिणाम को दहाई के स्थान पर लिख दें। अब दूसरे और तीसरे अंक का योग सैकड़ा के स्थान पर लिख दें। यदि अंक 9 से अधिक है, तो हासिल को दूसरे और तीसरे अंकों के योग में जोड़ दें। इस क्रम को अंत तक जारी रखते हुए सबसे बाद में अंत के अंक को ज्यों का त्यों लिख दें। उदाहरण के लिए- 345 × 11 के लिए पहले 5 लिखें, फिर 5 और 4 का योग लिख दें। इसके बाद 4 तथा 3 को जोड़ कर 7 और अंत में 3 लिख दें। इस प्रकार 345 × 11 = 3795 होगा। इसी प्रकार 8165 × 11 = 89815 और 397842 × 11 = 4376262 ।

9. 9 के पूर्णांकों का वर्ग

यदि आप ऐसी संख्या का वर्ग ज्ञात करना चाहते हैं, जिसमें सिर्फ अंक '9' हो, तो सबसे पहले दायीं ओर से 1 लिखें। फिर शून्य लिखें। शून्यों की संख्या 9 के अंकों से एक कम होना चाहिए। उसके बाद 8 लिखकर अंत में उतने 9 लगाइए, जितने शून्य हैं। उदाहरण के लिए - $999^2 = 998001$

इसी प्रकार $999999^2 = 999998000001$

10. 5 से समाप्त होने वाली संख्याओं का वर्ग

यदि आप ऐसी संख्या का वर्ग करना चाहते हैं, जिसके अंत में या इकाई के स्थान पर 5 हो (जैसे- 35, 45 आदि)। तो दायीं ओर से शुरू कीजिए- सबसे पहले 5^2 यानी 25 लिखें। अब अगले अंक को उस अंक से एक अधिक यानी उससे अगली संख्या से गुणा कीजिए। जैसे $35^2 = 35 \times 35 = 1225$ । सबसे पहले हमने 25 और फिर 12 लिखा, जो 3 × 4 या 3 × (3 +1) है।

इसी प्रकार $85^2 = 85 \times 85 = 7225$ और $45^2 = 2025$ होगा।

11. लगातार संख्याओं को जोड़ना

यदि आप लगातार पूर्णांकों को जोड़ना चाहते हैं, तो पहले और अंतिम पूर्णांक को जोड़ लीजिए। उत्तर को पूर्णांकों की संख्या के आधे से गुणा कर लीजिए। उदाहरण के लिए– $14 + 15 + 16 + 17 + 18 + 19 = (14 + 19) \times \frac{6}{2} = 99$

जिस प्रकार ऊपर 6 पूर्णांक थे, उसी प्रकार $40 + 41 + 42 + 43 + 44 + 45 + 46 + 47 + 48 + 49 = (40+49) \times \frac{10}{2} = 89 \times 5 = 445$ होगा।

12. क्रमागत विषम संख्याओं को जोड़ना

1 से 100 तक 50 विषम संख्याएं होती हैं। जैसे $1 + 3 + 5 + 7 \ldots\ldots + 99 = 50 \times 50 = 2500$

$1+3 + 5 + 7 + 9 + 11 + 13 = 49$ होगा। ये गणितीय विषम संख्याएं हैं।

13. क्रमागत सम संख्याओं का योग

एक से अधिक संख्या के समूहों में गुणा करने पर हम इन संख्याओं को पा सकते हैं। 1 से 100 तक सभी सम संख्याओं को योग यानी $2 + 4 + 8 \ldots + 100 = 50 \times 51 = 2550$ होगा।

इसी प्रकार $2 + 4 + 6 + 8 + 10 + 12 + 14 + 16 = 8 \times 9 = 72$– ये संख्याएं सम संख्याओं की समानांतर श्रेणी में हैं, जिसका स्थिरांक 2 है।

14. किसी संख्या को 25 से गुणा करना

किसी संख्या को 25 से गुणा करने के लिए उस संख्या के आगे 2 शून्य लगा कर 4 से भाग कर दीजिए। उदाहरण के लिए, $53219 \times 25 = \frac{5321900}{4} = 1330475$ होगा।

विचार करने पर पता लगता है कि यदि x को 25 से गुणा करके 4 से भाग दें, तो $\frac{25}{4}x = 6.25x$ आएगा।

15. दो अंकों वाली किसी संख्या का वर्ग ज्ञात करना

उदाहरण के लिए, 86 का वर्ग निकालना ।

चरण - 1 संख्या के इकाई वाले अंक का वर्ग कर लें $(6)^2 = 36$, दायीं ओर 6 लिख कर हासिल 3 रखें।

चरण - 2 दोनों अंकों के गुणनफल को दुगुना कर लें और हासिल 3 जोड़ लें। जैसे – $2 \times 8 \times 6 = 96 + 3 = 99$ होगा। इकाई अंक 6 की बायीं ओर 9 लिखें। अब संख्या 96 हो गई, हासिल 9 लगाएं।

चरण - 3 संख्या के दहाई वाले अंक का वर्ग करके हासिल जोड़ दें और इस योग को पहले लिखी संख्या की ठीक बायीं ओर लिखें। जैसे- $(8)^2 = 64 + 9 = 73$ होगा। इसलिए $(86)^2 = 7396$ होगा।

उदाहरण के लिए - 53 का वर्ग

(1) $3 \times 3 = 9$ 9

(2) $2 \times 5 \times 3 = 30$ 09

हासिल 3

(3) $5 \times 5 = 25 + 3 = 28$ 2809

16. विभाजकता की जांच

क. यहां विभिन्न संख्याओं की विभाजकता परखने के कुछ सरल तरीके दिए जा रहे हैं।

ख. यदि संख्या की इकाई का अंक सम संख्या या शून्य है, तो उसमें 2 से पूरा-पूरा भाग हो जाएगा।

ग. यदि संख्या के समस्त अंकों के योग का विभाजन 3 से हो जाता है, तो वह संख्या भी 3 से विभाजित हो जाएगी।

घ. यदि संख्या के अंतिम दो अंकों में 4 से विभाजित हो जाते हैं, तो संख्या भी 4 से विभाजित हो जाएगी।

ङ यदि संख्या की इकाई का अंक 0 या 5 हो, तो वह संख्या 5 से विभाजित हो जाएगी।

च. यदि किसी सम संख्या के अंकों का योग 6 या 9 हो, तो वह संख्या 6 से विभाजित हो जाएगी।

छ. दायीं ओर से 3 अंकों के समूह बनाएं। एकांतर समूहों को जोड़ लें। इस प्रकार से प्राप्त दो समूहों के योग का अंतर ज्ञात करें। यदि अंतर शून्य है या 7 का गुणांक है, तो दी गई संख्या 7 से विभाजित हो जाएगी।

ज. यदि अंतिम 3 अंकों से बनी संख्या 8 से विभाजित हो जाती है, तो वह संख्या भी 8 से विभाजित हो जाएगी।

झ. यदि संख्या के समस्त अंकों का योग 9 या 9 का गुणक हो, तो वह संख्या 9 से विभाजित होगी।

ञ. यदि संख्या के अंत में शून्य है, तो वह संख्या 10 से विभाजित हो जाएगी।

ट. एक के अंतर से अंकों को जोड़ लें। यदि दोनों योगों का अंतर शून्य या 11

का गुणक है, तो संख्या 11 से विभाजित होगी।

ठ. दायीं ओर से तीन अंकों से समूह बनाइए। एक के अंतर पर समूहों में उपस्थित अंकों को जोड़ लें। प्राप्त दोनों योगों का अंतर यदि 0 है या 13 का गुणक है, तो संख्या 13 से विभाजित होगी।

17. घनमूल निकालना

आम तौर पर बच्चों को घनमूल निकालने में कठिनाई होती है। घनमूल (लौगरिथमिक) तरीके से या गुणनखंड विधि द्वारा निकाले जाते हैं। छह अंकों तक की संख्या का घनमूल आप इस प्रकार भी निकाल सकते हैं- यह तरीका सिर्फ परिपूर्ण घनों पर लागू होता है। छह अंकों की संख्या का घनमूल 2 अंकों का यानी एक इकाई का अंक और एक दहाई का अंक होगा। घनमूल निकालने के लिए इन तालिकाओं का प्रयोग किया जाता है। इकाई के अंक के लिए तालिका 'अ' देखें।

तालिका - अ

दी गई संख्या की इकाई का अंक	0123456789
उत्तर में इकाई का अंक	0187456329

तालिका 'ब' से दूसरे और तीसरे अंकों को छोड़कर अंत के तीन अंकों का परिणाम देखें।

तालिका - ब

अंत के तीन अंकों की संख्या

1 -8 -27 -64 -125 -216 -343 -512 -729 -

उत्तर में दहाई के अंक का मान 123456789 होगा।

कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं-

क. 512 का घनमूल

512 की इकाई का अंक 2 है। तालिका 'अ' के अनुसार इकाई का अंक 8 होगा। इस संख्या में चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर कोई अंक नहीं हैं। इसलिए उत्तर केवल एक अंक में ही होगा। इसीलिए 512 का घनमूल 8 है।

ख. 1728 का घनमूल

इसमें इकाई का अंक 8 है। तालिका 'अ' के अनुसार इकाई का अंक 2 होगा। चौथे स्थान का अंक 4 है। पांचवें और छठे स्थान पर कोई अंक नहीं है।

इसलिए 'ब' तालिका से दहाई का अंक 1 होगा।

इस प्रकार 1728 का घनमूल 12 होगा।

ग. 32768 का घनमूल

इस संख्या में इकाई का अंक 8 है। तालिका 'अ' से घनमूल का इकाई अंक 2 होगा। इसमें 3 और 2 अंक पांचवें और चौथे स्थान पर हैं। इसलिए तालिका 'ब' से घनमूल की दहाई का अंक 3 होगा। इसलिए 32768 का घनमूल 32 होगा।

घ. 753571 का घनमूल

इस संख्या में इकाई का अंक 1 है। तालिका 'अ' से घनमूल की इकाई का अंक भी 1 ही होगा। 753 के लिए घनमूल का दहाई अंक 9 होगा (तालिका 'ब')। इसलिए वांछित घनमूल 91 है।

इस विधि को प्रयोग में लाने से आप जल्दी ही इसमें सिद्धहस्त हो जाएंगे और अपने जीवन में इसका उपयोग कर सकेंगे।

18. दोहराए जाने वाली संख्या

समानांतर श्रेणी की संख्या प्रायः एक ही प्रकार के परिणाम देती है। हारमोनिक श्रेणी के लिए ऐसा नहीं होता।

उदाहरण-1

जब 111 को 12, 23,34 आदि से गुणा किया जाता है, यानी 11 के बढ़ते क्रम से, तब उत्तरों में 1221 का अंतर होता है।

इस प्रकार देखिए-

111 × 12 = 1332
111 × 23 = 2553 अंतर = 1221

111 × 34 = 3774
111 × 45 = 4995 अंतर = 1221

उदाहरण - 2

क्या आप जानते हैं कि 11, 111, 1111 आदि का वर्ग लेने पर उत्तर में अंकों की संख्या विषम होती है और उत्तर 1 से शुरू होकर संख्या के बीच तक लगातार बढ़ता है तथा उसी तरीके से घटना शुरू होता है?

11× 11 = 121
111 × 111 = 12321
1111 × 1111 = 1234321

उदाहरण - 3

यदि हम 11 को 2 दोहराती हुई संख्याओं, जैसे- 2, 22, 222, 2222 आदि से गुणा करें, तो उसके उत्तर की विशेषता यह होगी कि वह 2 से शुरू होगा तथा 2 पर ही समाप्त होगा और बीच के सभी अंक 4 ही आएंगे।

11 × 2 = 22

11 × 22 = 242

11 × 222 = 2442

11 × 2222 = 24442

19. गुणा करने का आसान तरीका

आप इस तरीके से दो अंकों वाली दो संख्याओं को गुणा कर सकते हैं। यदि दोनों संख्याओं की दहाई का अंक समान हो और इकाई के अंकों का योग 10 हो, तो आपको निम्नलिखित तरीका अपनाना होगा-

दहाई के अंक को उससे एक अधिक संख्या से गुणा करें और इकाई के स्थान वाली दोनों संख्याओं को आपस में गुणा करें। दोनों उत्तरों को उल्टे क्रम में बायें से दायें लिखें। आपको अपने गुणा का परिणाम मिल जाएगा।

उदाहरण-1

73 × 77

7 × 8 = 56

3 × 7 = 21

उत्तर है = 5621

उदाहरण-2

92 × 98

9 × 10 = 90

2 × 8 = 16

उत्तर है = 9016

उदाहरण-3

88 × 82


8 × 9 = 72

8 × 2 = 16

उत्तर है = 7216


5
आकृतियों के खेल

1. चित्र 5.1 में कितने आयत दिए गए हैं ?




चित्र 5.1

2. चित्र 5.2 में कुल कितने त्रिभुज हैं?




चित्र 5.2

3. चित्र 5.3 में कितने त्रिभुज हैं?




चित्र 5.3

4. चित्र 5.4 में कितने षट्कोण बने हुए हैं?




चित्र 5.4

5. चित्र 5.5 में कितने वर्ग हैं?




चित्र 5.5

6. चित्र 5.6 में कितने वर्ग हैं?




चित्र 5.6

7. चित्र 5.7 में कुल कितने त्रिभुज हैं?




चित्र 5.7

8. चित्र 5.8 में कुल कितने त्रिभुज हैं?




चित्र 5.8

9. चित्र 5.9 में कितने त्रिभुज हैं?




चित्र 5.9

10. चित्र 5.10 में दिए गए सितारे में कितने त्रिभुज हैं?




चित्र 5.10

11. चित्र 5.11 में कितने त्रिभुज हैं?




चित्र 5.11

12. चित्र 5.12 में कितने त्रिभुज हैं?



चित्र 5.12

13. चित्र 5.13 में कितने घन बने हैं?




चित्र 5.13

14. 25 आमों को 12 लाइनों में इस प्रकार लगाइए कि प्रत्येक लाइन में 5 आम रखे जाएं।


■ ■

6
बिंदुओं के खेल


1. नीचे 9 बिंदु दिए गए हैं। इन्हें सरल रेखाओं से इस प्रकार जोड़िए कि ज्यादा-से-ज्यादा वर्ग बनें। बताइए, आप कितने वर्ग बना पाएंगे?




2. नीचे 16 बिंदु दिए गए हैं। इन्हें इस प्रकार जोड़िए कि ज्यादा-से-ज्यादा वर्ग बन सकें।




3. नीचे 8 बिंदु दिए गए हैं। इन्हें जोड़कर आप कितने आयत बना सकते हैं?




4. नीचे 13 बिंदु दिए गए हैं। इन्हें इस प्रकार जोड़िए कि अधिक-से-अधिक वर्ग बन सकें।




5. नीचे 10 बिंदु दिए गए हैं। इन्हें जोड़कर कितने सम त्रिभुज बनाए जा सकते हैं?



6. नीचे 25 बिंदु दिए गए हैं। बिना पेंसिल उठाए और एक बिंदु पर दुबारा पेंसिल फिराए इन बिंदुओं को 8 सरल रेखाओं से जोड़िए।




7. यहां 12 बिंदु दिखाए गए हैं। बिना पेंसिल उठाए 5 रेखाखण्ड खींचते हुए इन्हें जोड़िए।




7
माचिस की तीलियों के खेल


1. माचिस की 6 तीलियां लें। उन्हें इस प्रकार रखें, जैसे चित्र में दिखाया गया है। अब इनमें 5 तीलियां इस प्रकार जोड़िए कि 9 बन जाए।




2. इस चित्र में रोमन अंकों में एक साधारण-सा योग दिया गया है। एक तीली को हटा कर इस प्रकार रखिए कि इस योग का उत्तर सही हो जाए।




3. यहां भी रोमन अंकों में एक योग दिखाया गया है। एक और तीली का प्रयोग कीजिए तथा उसे ऐसे स्थान पर रखिए कि योग सही आए।




4. क्या आप इस चित्र में कोई 2 तीलियां खिसका कर योग को सही कर सकते हैं?




5. इस चित्र में से 3 तीलियां इस प्रकार हटाइए कि उत्तर सही आ सके।




6. यहां भी रोमन अंकों का (प्रयोग करके) एक साधारण-सा योग दर्शाया गया है। कोई और तीली प्रयोग किए या निकाले बिना इसका उत्तर सही बनाकर दिखाइए।




7. इस योग को सिर्फ एक तीली हिलाकर सही बनाइए व दिखाइए।




8. इस चित्र में सिर्फ एक तीली हिलाकर समीकरण सही कीजिए।



9. यहां 6 तीलियों का प्रयोग करके एक लैटिस दिखाई गई है। आप कोई 3 तीलियां उठाकर इस प्रकार रखें कि 6 समबाहु त्रिभुज बन जाएं।



10. इस चित्र में 12 तीलियां 6 समबाहु त्रिभुज बना रही हैं। कोई 4 तीलियां खिसकाकर 3 समबाहु त्रिभुज बनाइए।



11. 17 तीलियों का प्रयोग करके, जिनमें कोई टूटी तीली लगाए बिना, आप कितने त्रिभुज बना सकते हैं?

12. 12 तीलियों का प्रयोग करते हुए क्या आप किसी तल में एक ऐसी आकृति बना सकते हैं, जिसका क्षेत्रफल ठीक 3 तीलियों की लंबाई वाले वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर हो?

■ ■

8

जादुई वर्ग

जादुई वर्ग में दी गई संख्याओं में विशेष बात यह होती है कि उन्हें लंबाई में जोड़ा जाए या चौड़ाई में या विकर्ण के साथ-साथ, उनका योग एक जैसा रहता है। वर्ग में 4, 9, 16, 25, 36 या 49 खाने होते हैं। यहां इस प्रकार के 2 उदाहरण दिए जा रहे हैं-

10	3	8
5	7	9
6	11	4

(क)

25	10	9	20
12	17	18	15
16	13	14	19
11	22	21	8

(ख)

जादुई वर्ग (क) का उत्तर 21 और (ख) का उत्तर 62 है, यानी प्रत्येक पंक्ति, कॉलम और वर्ग में दी गई संख्याओं का योग बराबर है। नीचे 9 और 16 खानों वाले दो मानक वर्ग दिए गए हैं-

8	1	6
3	5	7
4	9	2

16	2	3	13
5	11	10	8
9	7	6	12
4	14	15	1

इन दोनों वर्गों का प्रयोग करके हम दूसरे जादुई वर्ग बना सकते हैं। जादुई वर्ग दो प्रकार के होते हैं-

(i) वे जादुई वर्ग, जिनमें खानों की संख्या विषम होती है। जैसे-9, 25, 49 आदि।

(ii) वे जादुई वर्ग, जिनमें खानों की संख्या सम होती है। जैसे-16, 36, 64 आदि।

जादुई वर्गों की कहानी

जादुई वर्गों के विषय में यह चीनी कहानी मशहूर है कि कई सदी पहले येलो नदी से निकलकर एक कछुआ रेंगता हुआ जा रहा था। उसकी पीठ पर बड़ा विचित्र डिजाइन था, जिसमें धारियां और बिंदु थे। लोगों ने उन डिजाइनों को देखकर जादुई वर्ग बनाए, उन वर्गों में बिंदुओं के बराबर संख्याएं लिखीं। उन संख्याओं का योग सीधी रेखा में, खड़ी रेखा में और विकर्णों के साथ एक जैसा रहा। इसके बाद लोगों को जादुई वर्ग बनाने का शौक लग गया।



(i) विषम संख्या वाले जादुई वर्ग

